हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 जनपदवासी त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे...




07 श्योपुर से उमरा पर गए दर्जन भर से ज्यादा...



## खबर संक्षेप

### 21 वर्ष की आयु में शिवम चौरसिया बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**सागर।** शहर के तिली वार्ड निवासी एवं नगर के प्रसिद्ध कलाकार मनमोहन चौरसिया के सुपुत्र शिवम चौरसिया ने मात्र 21 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और शहर का नाम गौरवान्वित किया है। इतनी कम उम्र में इस कठिन उपलब्धि को प्राप्त करना उनकी मेहनत, अनुशासन और अटूट संकल्प का परिणाम है। यह सफलता केवल शिवम की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे परिवार के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। परीक्षा की तैयारी के दौरान घर का वातावरण पूरी तरह अध्ययनमय रहा। परिवार के सदस्यों का मानना है कि यह सिर्फ शिवम की परीक्षा नहीं थी, बल्कि पूरे परिवार की परीक्षा थी। विशेष रूप से उनकी माता का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने तैयारी के कठिन दौर में हर कदम पर हौसला बढ़ाया, मानसिक संबल दिया और घर की सभी जिम्मेदारियां संभालते हुए ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाया जिससे शिवम एकाग्र होकर अध्ययन कर सके।

### काव्य पाठ का आयोजन 6 मार्च को

**सागर।** बाल साहित्य शोध सृजनपीठ, साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा सागर में महत्वाकांक्षी कार्यक्रम वीरों का कैसा हो बसंत विषय पर आधारित विमर्श और काव्य पाठ का आयोजन दिनांक 6 मार्च को अपरान्ह 6.30 बजे से वरदान सभागार सिविल लाइंस सागर में किया जायेगा। बाल साहित्य शोध सृजन पीठ म.प्र. की अध्यक्ष प्रसिद्ध बाल साहित्य लेखिका डॉ मीनू पाण्डेय की विशिष्ट उपस्थिति में होने जा रहे । इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक श्यामलम संस्था अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र सहित हिन्दी साहित्य भारती, सागर अध्यक्ष अम्बिका यादव, साहित्यकार ,आर के तिवारी, श्रुतिमुद्रा समिति अध्यक्ष डॉ.कविता शुक्ला एवं हिन्दी साहित्य सृजन संघ सागर की अध्यक्ष सुनीला सराफ ने समस्त प्रबुद्ध जनों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान पंजीयनों का सत्यापन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के रकबा, फसल एवं फसल की किस्म का सत्यापन दिनांक 10/03/2026 तक निम्न श्रेणियों में किया जाना है। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान पंजीयनों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत सत्यापन करना सुनिश्चित करें। ताकि किसानों को उपार्जन में असुविधा का सामना न करना पड़े। विगत वर्ष के पंजीयन से 50 प्रतिशत अधिक रकबा वाले, किन्तु 5 हेक्टेयर से अधिक पंजीकृत किसान, 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले किसान, सिकमी, बटाईदार, कोटवार वन पट्टाधारी किसान, वन पट्टाधारी किसानों के रकबे, फसल एवं फसल की किस्म का सत्यापन वन विभाग के अमले द्वारा किया जाएगा।

### नवांकुर संस्थाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सागर जिले की समस्त नवांकुर संस्थाओं के साथ पुराना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, सागर में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला समन्वयक के के मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसमें जिले के समस्त विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वच्छ और स्वस्थ होली अभियान के तहत सार्वजनिक होलिका दहन के लिए निःशुल्क पंजीकरण

# होली पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाई जाएगी, इस बार होली गौकाष्ठ से मनाएं: कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

इस वर्ष होली का त्योहार राज्य भर में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाया जाएगा। राज्य सरकार ने नागरिकों से आपसी मतभेदों को भुलाकर भाईचारे, एकता और हर्षोल्लास की भावना से होली मनाने की अपील की है। नागरिकों से होलिका दहन के लिए लकड़ी के बजाय गोबर की लकड़ियों का उपयोग करने का आग्रह किया गया है।सरकार के निर्देशों के अनुसार, होलिका दहन के लिए लकड़ी के स्थान पर गोबर की लकड़ियों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जन सहयोग और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे। नागरिकों को प्राकृतिक और हर्बल रंगों से त्योहार मनाने, जल संरक्षण करने और जानवरों और पक्षियों को रंग न लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।



कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों के लिए जिला मुख्यालय, तहसील, शहरी/स्थानीय निकाय और पंचायत स्तर पर निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण के दौरान, आयोजन संस्था का संक्षिप्त विवरण, साथ ही पदाधिकारियों के नाम और संपर्क जानकारी एकत्र की जाएगी। आने वाले दिनों में जिला स्तरीय अभिनंदन समारोह आयोजित किए जाएंगे। गौ-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा देने वाली संस्थानों और उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में प्रोत्साहन और सहयोग के लिए ऐसे संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### लकड़ी के बजाय गौकाष्ठ का प्रयोग करें : कलेक्टर

कलेक्टर संदीप जी आर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस बार होली पर्यावरण संरक्षण के साथ गौकाष्ठ से मनाएं। उन्होंने गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को अपनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने हेतु जिला स्तर पर व्यापक प्रचार अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। शहरी स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाएं इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं। होलिका दहन के दिन, जमीनी अधिकारी सार्वजनिक कार्यक्रमों का निरीक्षण करेंगे ताकि लकड़ी के बजाय गोबर की लकड़ियों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सके।

## शादी से डेढ़ महीने पहले युवती ने लगाई फांसी: खेत से लौटने पर परिवार ने फंदे पर लटका देखा

**खुरई।** देहात थाना क्षेत्र के कुमरोल गांव में शनिवार रात एक युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की शादी करीब डेढ़ महीने बाद अक्षय तृतीया पर होनी थी। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है, जिसका आज रविवार दोपहर को पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खेत से लौटने पर परिवार ने फंदे पर लटका देखा। मृतिका की पहचान फूलवती (19) पिता संतोष कुशवाहा के रूप में हुई है। उसके चाचा बिरजू कुशवाहा ने बताया कि फूलवती ने घर के कच्चे छत की म्यार से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय घर के अन्य सदस्य खेत पर थे, जबकि फूलवती के पिता अपने कमरे में सो रहे थे। जब परिजन घर लौटे, तो उन्होंने फूलवती को फंदे पर लटका पाया। चाचा ने बताया कि फूलवती की शादी खिमलासा में तय हो चुकी थी और अक्षय तृतीया यानी 20 अप्रैल को होनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। इस घटना से परिवार और गांव में दुख का माहौल है। खुरई देहात थाने के सहायक उपनिरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल अज्ञात है।

## खुरई में टायर फटकर दूसरी बाइक से टकराई हादसे में दो महिलाएं समेत 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



खुरई के राहतगढ़ रोड स्थित ऑडिटोरियम के पास रविवार रात एक बाइक के टायर फटने से हादसा हुआ। टायर फटने के बाद सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों में से एक शख्स की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे सागर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शी ओम पटेल ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ ऑडिटोरियम के पास खड़े थे, तभी दो बाइकों की टक्कर हो गई। उन्होंने और अन्य स्थानीय लोगों ने मिलकर सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

घायल सुनील अहिरवार (32), जो जरवांस के निवासी हैं, ने बताया कि वे अपने दोस्तों अर्जुन अहिरवार (24) और नरेंद्र अहिरवार (21) के साथ दुकान का सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक का टायर फटने से यह हादसा हुआ। इस टक्कर में अर्जुन अहिरवार को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है।

दूसरी बाइक राहतगढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी मनीष कुशवाहा (20) चला रहा था। उसके साथ मीना पटेल (40) और अनीता पटेल (35) भी सवार थीं। इन तीनों को भी गंभीर चोटें आई हैं।

सभी घायलों का इलाज खुरई अस्पताल में जारी है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं कलेक्टर ने दिए रैंडम जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में जारी डिजिटल क्रॉप सर्वे की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर संदीप जी आर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड पर जाकर सर्वे कार्य की रैंडम जांच करें और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने कहा है कि पटवारी केवल कागजी खानापूर्ति न करें। उन्हें फील्ड पर उपस्थित होकर फसल के वास्तविक फोटो ग्रुप और संबंधित पोर्टल पर शेयर करने होंगे। इसी प्रकार डेटा की सत्यता जांचने के लिए जी आर एस और सचिव क्रॉस-चेक करें। उन्होंने कहा है कि डेटा का मिलान पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक (GRS) के माध्यम से क्रॉस-वेरिफिकेशन कराकर किया जाएगा।

### एसडीएम करेंगे औचक निरीक्षण

जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में रैंडम आधार पर खेतों का निरीक्षण करने को कहा गया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सर्वे में दर्ज फसल और मौके की फसल में कोई अंतर न हो। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने का आधार है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। अधिकारी स्वयं फील्ड पर उतरकर मॉनिटरिंग करें।

इस डिजिटल सर्वे के माध्यम से जिले की हर एक एकड़ भूमि पर बोई गई फसल का सटीक डेटा तैयार किया जा रहा है। इससे भविष्य में फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्राकृतिक आपदा के समय मिलने वाली राहत राशि के वितरण में आसानी होगी। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि यदि क्रॉस-चेक के दौरान डेटा में विसंगति पाई जाती है, तो संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## रहली आईटीआई के 113 प्रशिक्षणार्थियों का टाटा मोटर्स गुजरात हेतु चयन: रहस महोत्सव में नियुक्ति पत्र वितरित

**रहली।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रहली के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि संस्थान के 113 प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स , गुजरात हेतु किया गया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित रहस महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों को विधिवत नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में कौशल आधारित शिक्षा ही युवाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने आईटीआई प्रशिक्षण को रोजगारपरक बताते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी तकनीकी शिक्षा की ओर प्रेरित किया।संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि यह सफलता प्रशिक्षणार्थियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन तथा संस्थान में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था का परिणाम है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को गुजरात स्थित टाटा मोटर्स संयंत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे वे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। यह उपलब्धि न केवल रहली आईटीआई बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

मनरेगा बचाओ महासंग्राम एवं संगठन सृजन अभियान अंतर्गत पंचायत कमेटियों के गठन पर हुई चर्चा

# ब्लॉक कांग्रेस सागर ग्रामीण ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटकुई में किया जन चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम मनरेगा बचाओ महासंग्राम एवं संगठन सृजन अभियान अंतर्गत पंचायत कमेटियों के गठन को लेकर नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के तत्वाधान में ग्राम पंचायत पटकुई में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने पंचायत कमेटियों का गठन किया गया। जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की असली रीढ़ होता है जो बूथस्तर पर पार्टी को अपनी मेहनत से सींचता है और संगठन को मजबूती प्रदान करता है।पंचायत कमेटियां ही कांग्रेस संगठन की नींव हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि आज जो भी पंचायत ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी संगठन सृजन अभियान अंतर्गत बनाए गए हैं इनमें से ही आने वाले समय में नेता बनेगा। चौधरी ने राहुल गांधी का संघर्षमय उदाहरण देते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को जनता के हितों की लड़ाई लड़ने एकजुट होकर सड़कों पर उतरना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने का भी आह्वान किया।

साथ ही नरयावली विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मजबूत पंचायत कमेटी ही जनता की आवाज को सही मंच तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन एवं निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी सागर ब्लॉक ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रवि उमाहिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम शिल्पी, कोमल सिंह लोधी, मोतीलाल पटेल एडवोकेट कमलेश ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष रोहित वर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर नव नियुक्त पंचायत अध्यक्षों श्रीकांत दुबे, आशुतोष तिवारी, सुनील चौधरी, संजय आदि का कांग्रेस नेताओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिल्पी ने किया तथा आभार प्रदर्शन कांग्रेस नेता कोमल सिंह लोधी ने किया।

## शराब के नशे में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ: गंभीर हालत में सागर रेफर

**खुरई।** खुरई शहरी थाना क्षेत्र की ऑफीसर कॉलोनी में रविवार रात एक युवक ने शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक इलाज के बाद सागर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, जगदीश पिता (32) रामकिशन कोरी ने शराब के नशे में यह कदम उठाया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सिविल अस्पताल खुरई ले गए। सिविल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया गया। जहरीला पदार्थ खाने का कारण अभी अज्ञात है। बताया जा रहा है कि जगदीश मकानों में पट्टी और पेंटिंग का काम करता है। परिजनों ने बताया कि शराब के नशे में उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, लेकिन पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि सिविल अस्पताल से अभी तक घटना की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का इलाज होने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी कि उसने यह कदम क्यों उठाया।




## संवाद समन्वय व सम्पर्क के माध्यम से हमें पार्टी को और ऊंचाइयों पर ले जाना है: श्याम तिवारी

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी सागर जिला की कार्यकारिणी घोषित होने के उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय पहुंचकर पितृ पुरुष श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी का का स्वागत कर आभार व्यक्त किया इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी पदाधिकारी को फूल माला पहनकर उन्हें शुभकामनाएं दी। स्वागत कार्यक्रम उपरांत संभागीय कार्यालय सभा कक्ष में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारीयों की प्रथम परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संगठन सर्वोपरि है। हम विचार परिवार के लिए कार्य करते हैं। सत्ता हमारे लिए जनता की सेवा का माध्यम है। हमें समन्वय से कार्य करते हुए सक्षम कार्यकर्ता को आगे लाना है, जिससे सत्ता और संगठन के कार्यों का और अधिक विस्तार हो सके। उन्होने कहा कि हमारी भूमिका समन्वय और पालक की होनी चाहिए। सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बात को पूरी गंभीरता व सम्मान के साथ सुनें।आप कार्यकर्ताओं की बात को सुनेंगे,उनसे चर्चा करेंगे तो वह संगठन और भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक और अच्छे तरीके से पहुंचा पाएंगे। उन्होने कहा कि हमें पार्टी संगठन में जो भी दायित्व मिला है, उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएं। पार्टी की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाएं। हमें संगठन द्वारा सौंपे गए विभिन्न कार्यक्रमों को आपसी तालमेल से बूथ स्तर पर शत प्रतिशत सुनिश्चित करना है। अपने-अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधि पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं के साथ आपस में चर्चा कर आवश्यक कार्यों को प्राथकिता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। हमें संवाद, समन्वय व संपर्क के माध्यम से पार्टी को और उंचाईयों पर ले जाना है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि परिचयात्मक बैठक उपरान्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने सह कार्यालय मंत्री भूपेंद्र नामदेव को विधिवत रुप से पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर उपस्तिथ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। तत्पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारी ने सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत महापौर संगीता तिवारी नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।कार्यक्रम में जिला जिला उपाध्यक्ष मनीष चौबे, संतोष ठाकुर, निकेश गुप्ता, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विक्रम सोनी, यश अग्रवाल, पुष्पेंद्र परिहार जिला महामंत्री चेतराम अहिरवार चैन, सिंह ठाकुर, सुमित यादव जिला मंत्री अर्जुन पटेल, सविता साहू, कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के रंगनाथन भवन में "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार खरे (पूर्व विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान एवं जैव-प्रौद्योगिकी) ने सी. वी. रमन के वैज्ञानिक आविष्कारों का उल्लेख करते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अवसरों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल समर्पित एवं निरंतर परिश्रम की है। कार्यक्रम की आयोजक प्रो. श्वेता यादव, निदेशक (अनुसंधान एवं विकास), ने महिलाओं के लिए अवसरों की समानता एवं स्वस्थ कार्यस्थल वातावरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में पुरुष और महिला एक गाड़ी के दो पहियों के समान हैं; अतः राष्ट्र की प्रगति के लिए आधी आबादी को अधिक अवसर प्रदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं अनुज, अदिति, कनिका, हितेंद्र, एकता, रक्षा, प्रियदर्शनी एवं आकाश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को समान अवसर एवं स्वस्थ सामाजिक वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे वे विकसित भारत को दोगुनी गति प्रदान कर सकें। छवि जैन ने पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से समय-समय पर महिलाओं द्वारा विकसित भारत हेतु दिए गए योगदान को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रिया नील बसु एवं डॉ. संदीप कुमार (सहायक प्रोफेसर, जंतु विज्ञान) द्वारा किया गया, जबकि प्रशासनिक कार्यवाही सदस्य सचिव डॉ. बृजेश कुमार मौर्य ने संपादित की।

## खबर संक्षेप

### बस से उज्जैन जा रहे युवकों के साथ रास्ते में मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा के अंतर्गत ग्राम लागौन के पास बस से धार्मिक यात्रा पर जा रहे दो युवकों के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम नौहरखुर्द निवासी मोहित पुत्र अशोक सेन ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात वह अपने साथी रामलखन के साथ बालाजी इंदौर बस सेवा द्वारा उज्जैन जा रहे थे। रात करीब 8.40 बजे जब बस ग्राम लागौन के पास पहुँची, तभी गांव के आकाश पुत्र प्रान सिंह लोधी, विपिन पुत्र रोशन, साहिल पाटकार पुत्र छोटेलाल और विजय पुत्र हरलाल वहां आए और मोहित को अकारण गालियां देने लगे। जब मोहित ने गाली देने का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मोहित के साथ यात्रा कर रहे रामलखन ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी पीटा और दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### खेत पर चाचा के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम चक्क लालौन में खेत पर काम कर रहे एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल के भतीजे की तहरीर पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चक्क लालौन निवासी सेबेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2026 की शाम करीब 4.30 बजे उनके चाचा महेन्द्र सिंह अपने खेत पर मौजूद थे। आरोप है कि तभी गांव का ही सुखसाब राजा पुत्र लक्ष्मन सिंह वहां आया और बिना किसी कारण के महेन्द्र सिंह को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब महेन्द्र सिंह ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, मारपीट के दौरान महेन्द्र सिंह को शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं। हमला करने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल का इलाज वर्तमान में ललितपुर में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी सुखसाब राजा के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### कहासुनी में मारपीट युवक घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी विन्द्रावन पुत्र शंकर रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी 2026 को वह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां आए और पुरानी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरौनी में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### ट्रैक्टर ने टक्कर मारी युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पारौल निवासी हरपाल पुत्र फूलचंद्र कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 फरवरी 2026 की रात करीब 10.40 बजे उनका पुत्र हेमंत अपने साथी पंकज के साथ मजदूर लेने ग्राम पठा गया था। लौटते समय ग्राम कुरौरा में मस्जिद के पास उनके दोस्त रामफल और अजय मिल गए।

---

होली व रमजान को लेकर डीएम ने धर्मगुरुओं-प्रबुद्धजनों के साथ शांति समिति की बैठक की

# जनपदवासी त्योहारों को आपसी सौहार्द्र और भाईचारे से मनाएं : जिलाधिकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के धर्मप्रमुखों व प्रबुद्धजनों साथ शान्ति समिति की बैठक कर आमागी होली व रमजान त्योहारों को आपसी सौहार्द्र व भाईचारे के साथ मनाये जाने की अपील की। साथ ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को त्योहारों के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कहा कि त्योहारों के दौरान अशान्ति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा पुलिस अधिकारी होलिका दहन हेतु चिन्हित स्थलों पर सतत निगरानी रखें, कोई भी अराजक तत्व उत्पात न मचाये। त्यौहार पूरी शान्ति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने अलग अलग क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तैनात किये हैं जो प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेगें। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील की कि ललितपुर में हमेशा आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जाते रहे हैं, इस वर्ष भी हमें इस परम्परा को कायम रखना है, आप सभी अपने-अपने लोगों तक प्रशासन का यह संदेश पहुंचाएं, साथ ही उन्हें समझाये कि त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की अराजकता न हो।

डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि होली के दौरान कोई भी शराब पीकर हुरदंग न मचाये, इसके लिए प्रत्येक होली दहन स्थल पर पुलिस बल तैनात करें, साथ ही सोशल मीडिया पर भी गहन निगरानी रखें, यदि कोई धर्म, सम्पदाय या किसी विशेष वर्ग या व्यक्ति को लेकर भड़काऊ पोस्ट डालता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इसके अलावा डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित मानक के अनुसार डीजे बजाने के निर्देश दिये जायें, यदि इसका उल्लंघन हो तो तत्काल प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि त्यौहारों के दौरान निर्बाध विद्युत व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही शराब बंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजन स्थलों पर पीस कमेटी की बैठकें कर लें, साथ ही अराजक तत्वों पर नजर रखें, यदि कोई त्यौहार में या सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाता है तो उससे सख्ती से निपटें। इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थलों पर चैंकिंग अभियान चलाएं। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल संस्थान, स्वास्थ्य व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

राजस्व मंडल का निर्णय

## निर्णयः मानसरोवर तालाब भूमि प्रकरण में 2016 का आदेश रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राजस्व मंडल ग्वालियर ने ग्राम ग्यारसपुर स्थित शासकीय मानसरोवर तालाब की बहुचर्चित भूमि मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए वर्ष 2016 के निगरानी आदेश को निरस्त कर दिया है।

प्रकरण के पुनर्विलोकन में सुनवाई करते हुए मंडल ने निगरानी प्रकरण 31 मई 2016 के आदेश को त्रुटिपूर्ण मानते हुए रद्द कर पुनर्विलोकन स्वीकार किया। यह मामला ग्राम ग्यारसपुर तहसील ग्यारसपुर की खसरा क्रमांक 519, रकबा 12.103 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है, जिसे अभिलेखों में मानसरोवर तालाब की सार्वजनिक शासकीय भूमि बताया गया है। आरोप था कि भू-विनिमय के माध्यम से तालाब की भूमि को निजी स्वामित्व दर्शाने का प्रयास किया गया। 4 अप्रैल 2006 को अपर कलेक्टर द्वारा भूमि को शासकीय मानते हुए संबंधित राजस्व प्रविष्टियां निरस्त की गई थीं।

### आदेश को निरस्त कर यह दिया निर्णय

राजस्व मंडल ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पटवारी द्वारा सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना की गई प्रविष्टियां विधिसम्मत नहीं हैं। वर्ष 1949 की अभिलेखीय स्थिति को आधार मानते हुए शासकीय स्वामित्व को प्राथमिकता दी गई है। गौरतलब है कि भूमि विनिमय के दौरान अनावेदकों को मणिपुर क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर भूमि आवंटित हुई थी, जिसका बाद में राष्ट्रीय राजमार्ग 146 के फोरलेन निर्माण हेतु अधिग्रहण कर मुआवजा दिया गया। अब प्रश्न उठ रहा है कि यदि मूल भूमि शासकीय सिद्ध होती है तो क्या शासन मुआवजा राशि की वसूली करेगा। लगभग 28 बीघा भूमि को निरस्त कर शासनाधीन माना गया है। यह निर्णय क्षेत्र में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

## महानीम चौराहा पर चलाया चेकिंग अभियान में 82 वाहनों पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

रविवार को महानीम चौराह पर प्रशासन द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट आफरीन यूसुफ जई एवं न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अब्दुल अजहर अंसारी ने किया। करीब तीन घंटे चले इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 82 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इनमें से 25 वाहन चालकों से लगभग एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि 57 वाहनों को दस्तावेजों की कमी और अन्य अनियमितताओं के कारण पुलिस के सुपुर्द किया गया। चेकिंग के दौरान चौराहे से जुड़े चारों मार्गों पर आधा किलोमीटर दूर तक वाहन खड़े नजर आए, चालक चालानी कार्रवाई से बचने का प्रयास करते दिखे। दो भूसे से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पर भी चालानी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

---

घायलों को ललितपुर रेफर किया

## घात लगाकर लाठी-डंडों से हमला, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम कुआघोषी में पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर किए गए हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो लोगों ने एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी और डण्डों से हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कुआघोषी निवासी मनोहर सिंह पुत्र तुलाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे वह घर से गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मड़ावरा रोड स्थित आरोपियों के मकान के सामने पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे बहादुर सिंह और यशवंत सिंह पुत्र स्व. अमोल सिंह ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे।

पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे जयपाल सिंह और उनकी पत्नी विनीता को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को पहले सीएचसी महरौनी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें ललितपुर रेफर किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी आगे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

वामा सारथी का हेल्थ, फिटनेस कैंप लगा

## पुलिस कर्मियों ने स्वास्थ्य जांच कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) के तत्वावधान में फिजियोथेरेपिस्ट के सहयोग से पुलिस हेल्थ एण्ड फिटनेस अवेयरनेस कैम्प का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन तथा आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग वामा सारथी के साथ थीम पर आयोजित इस वामा वेलनेस कैम्प में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप, नाड़ी परीक्षण, हर्बल मेडिसिन वितरण तथा पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ चेकअप की सुविधाएं दी गईं। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। कैम्प में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर बेहद लाभकारी साबित होते हैं। वामा सारथी टीम ने इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि ऐसे वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। टीम ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार को स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित रखा जा सके।

---

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने बनाई चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक, 9 से दूसरा चरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने बड़ा आंदोलन छेडने की तैयारी कर ली है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन की अध्यक्षता में बीआरसी जखौरा कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षकों के हितों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर टीईटी अनिवार्यता पर गंभीर चिंता जताई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद समस्त शिक्षकों पर लागू की गई टीईटी अनिवार्यता से उत्पन्न स्थिति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आरटीई एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए उच्च स्तरीय अधिवक्ताओं से संपर्क कर रही है और अनिवार्यता समाप्त कराने की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आगामी आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक में एससी/एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्याम बिहारी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुहम्मद मुनीर, टीएससीटी के जिला संयोजक आदर्श रावत, अटेवा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह यादव सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और आंदोलन को व्यापक समर्थन देने की बात कही। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला मंत्री अनिल त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष जखौरा सत्येंद्र जैन, लखनलाल सेन, हरिश्चंद्र नामदेव, संजीव टडैया, हरिनारायण चौबे, इंदर सिंह पटेल, रामरक्षपाल सिंह, अरविंद सिंह राजपूत, राजेश साध, बाबू सिंह राठौर, आदर्श रावत, मु. असलम, मो. मुनीर, रामेंद्र सिंह यादव, ब्रजेश चौरसिया, राममिलन रजक, गौरीशंकर सेन, जितेंद्र जैन, स्वदेश भूषण, दयाशंकर रजक, पुष्पेंद्र जैन, संतोष कुशवाहा, महेंद्र पंथ, संदीप नामदेव, नीतेश निरंजन, अवधेश कुशवाहा, राजेश कुमार और राजेंद्र सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन रामरक्षपाल सिंह ने किया।

### आंदोलन के प्रमुख चरण

महासंघ द्वारा टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है जिसमें प्रथम चरण (9-15 मार्च 2026), शिक्षक की पाती अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और नेता प्रतिपक्ष (राज्य व केन्द्र) को ई-मेल और पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे। द्वितीय चरण (13 अप्रैल 2026)- जनपद मुख्यालय पर शिक्षकों का एकत्रीकरण कर मुख्य मार्गों से मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

---

## घर बुलाकर महिला के साथ अश्लील हरकत की पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना तालबेहट क्षेत्र में एक महिला को रात में बहाने से घर से बुलाकर अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कस्बा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत हैं। आरोप है कि 26 फरवरी 2026 की रात करीब 11.30 बजे नामजद व्यक्ति उनके घर आया और अपने छोटे भाई की पत्नी की प्रसव पीड़ा का हवाला देकर उन्हें सरकारी अस्पताल चलने को कहा। पीड़िता के मुताबिक, रिश्तेदारी के नाते वह आरोपी की मोटर साइकिल पर बैठकर चल दीं, लेकिन आरोपी उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय झांसी रोड की ओर ले गया और अपने बहनोई के घर के अंदर ले जाकर उनके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने और बाहर निकलने पर आरोपी ने पैसे का लालच दिया और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें रास्ते में उतार दिया। पीड़िता ने आशंका जताई है कि रोजाना नौकरी पर आने-जाने के दौरान उसके साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

---

## रास्ता साफ करने पर विवाद, युवक पर हमला

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम बमहौरी बहादुर सिंह में रास्ता साफ करने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने एक व्यक्ति से गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बमहौरी बहादुर सिंह निवासी जगदीश पुत्र शंकर धोबी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी 2026 को वह अपने खेत से ट्रैक्टर में भूसा लाकर घर के रास्ते पर उतार रहे थे। तभी उनका भतीजा वृंदावन वहां आया और रास्ता साफ करने को कहने लगा। पीड़ित का आरोप है कि थोड़ी देर में विक्रम और हेमंत भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान विक्रम ने लाठी से जगदीश पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरौनी में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

## तेज रफ्तार बाइक ने बालक को टक्कर मारी, पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना महरौनी के अंतर्गत ग्राम बम्हौरीघाट में एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल चालक की लापरवाही के कारण एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना 25 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे की है, जब पीड़ित बालक अजीत अपने भाई लव के साथ नहर के पास कलारी की दुकान के किनारे खड़ा था। पीड़ित के पिता चन्द्रभान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसी समय गांव का ही निवासी भानसिंह पुत्र नाथूराम अपनी मोटर साइकिल (नंबर यू.पी. 94 एक्स 6617) को बेहद तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए आया। बाइक ने बालक अजीत को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में बालक के बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं और पैर फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित के अनुसार, दुर्घटना के बाद आरोपी भानसिंह मौके से फरार हो गया और घायल बच्चे के इलाज में कोई मदद नहीं की। पिता का आरोप है कि जब वह तीन बार आरोपी के घर बातचीत करने और इलाज के खर्च की मांग करने गए, तो आरोपी और उसके पिता नाथूराम ने दबंगई दिखाते हुए साफ मना कर दिया और अभद्र व्यवहार किया।

---

जिला पंचायत अध्यक्ष ने भजन संध्या व ऑर्केस्ट्रा का शुभारंभ किया

## शहीद चंद्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस पर देश भक्ति गीतों से गूंजा कुम्हैड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी (ललितपुर)



तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी में अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद का बलिदान दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन के दूसरे दिन, 28 फरवरी को भव्य भजन संध्या एवं ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने समूचे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण एवं विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ ने फीता काटकर व शहीद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, ग्राम प्रधान राघवेन्द्र भौडेले, पूर्व प्रधान संजय भौडेले सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शहीदों की स्मृति में होने वाले ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा और देशभक्ति का संचार करते हैं। वहीं, राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि शहीद आजाद की पावन स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बनना गौरव की बात है। सागर से आए रंगोली भजन ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद दिल दिया है जान भी देंगे और ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे कालजयी गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। विशेष आकर्षण के रूप में राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने भी मंच से दो राष्ट्रगीत गाकर जनसमूह का उत्साहवर्धन किया। पूरा परिसर आजाद अमर रहें के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति संस्थापक दिनेश विदुआ ने किया।

अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद सीरौठिया ने सभी अतिथियों, कलाकारों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संरक्षक रामशरण दीक्षित, संजय रावत, नीरज चतुर्वेदी, शिवचरन निरंजन, प्रकाश निरंजन, नारायण राजा, सीताराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, लक्ष्मीनारायण चौधरी, राजू विरथरे, रामभरत निरंजन, राहुल सरकनया, छोटू सेन, जानू नामदेव, बलराम कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## फ्लाइट बंद होने की सूचना मिलने से कईयों को स्थगित करना पड़ा सफर

# श्योपुर से उमरा पर गए दर्जन भर से ज्यादा जायरीन सऊदी में फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ईरान और अमेरिका युद्ध का असर सऊदी अरब में मुस्लिम समाज के प्रमुख तीर्थ स्थल मक्का मदीना में उमरा (मिनी हज) के लिए गए लोगों पर भी पड़ा है। इस समय लाखों लोग उमरा के वीजा पर सऊदी पहुंचे हैं जो फिलहाल फ्लाइट बंद हो जाने के कारण वही अटक गए हैं। श्योपुर से भी दर्जन भर से अधिक जायरीन दो शिफ्टों में अलग अलग समय मक्का मदीना की जियारत के लिए पहुंचे हैं जिनमें शहर की वार्ड नं 5 बालापुरा बस्ती में रहने वाले हाजी मोहम्मद इदरीश भी अपने परिवार सहित उमरा करने गए हैं। हाजी मोहम्मद इदरीश ने मक्का मदीना से अपनी यात्रा के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर अपने शुभचिंतकों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए सभी के लिए उमरा ओर हज करने की दुआ की है। इस दौरान उन्होंने फ्लाइट बंद होने की सूचना तो दी है लेकिन युद्ध के कारण न तो उनके चेहरे पर किसी तरह का तनाव दिखा ओर ना ही वह किसी से उन्हें एवं उनके परिवार को यात्रा के बीच से वापस बुलाने को कह रहे हैं। अलबत्ता वह भारत में रह रहे अपने रिश्तेदारों से यह जरूर कह रहे हैं कि वह ईद की नमाज़ मक्का मोअज्जिमा में पढ़कर घर वापसी करेंगे। उधर शुक्रवार को उमरा के लिए घर से रवाना हो चुके कुछ लोग भी युद्ध की सूचना मिलने पर वापस लौट आए। इसके अलावा आधा दर्जन के करीब जायरीन करीब 15 दिन पहले श्योपुर से उमरा पर गए हैं जिनका 20 दिन का टूर खत्म होने वाला है।

इस्लाम के पांच फर्ज़ में से हज पांचवां फर्ज है और यह हर उस मुसलमान के लिए जरूरी है जो साहिब हैसियत हो यानी हज करने के लिए आर्थिक तौर पर फिट हो जीवन में कम से कम एक बार हज जरूरी है पर कुछ लोग हज से पहले उमरा पर जाते हैं हालांकि उमरा में हज के फर्ज पूरे नहीं होते हैं फिर भी लोग मक्का मदीना के दीदार करने और वहां इबादत कर अधिक पुण्य अर्जित करने की उम्मीद में उमरा पर जाते हैं साथ ही उमरा करने से हज की प्रैक्टिस भी अच्छे से हो जाती है। इसलिए भी लोग हज से पहले उमरा पर जाना पसंद करते हैं। रमजान माह में उमरा करने वालों की संख्या मक्का मदीना में अधिक बढ़ जाती है इस समय लाखों लोग मक्का मदीना में उम्र के लिए पहुंचे हुए हैं मस्जिद खचाखच भरी हुई है हाजी मोहम्मद इदरीश भी अपने परिवार सहित उमरा पर गए हैं। कुल 6 लोग बालापुरा से उमरा पर पहुंचे हैं जो सोशल मीडिया पर अपने कुशल होने की सूचना और यात्रा के वीडियो फोटो तो डाल रहे हैं पर फ्लाइट बंद होने के कारण या युद्ध की विभीषिका का उनके चेहरे पर मलाल बिल्कुल दिखाई नहीं पड़ रही है वह सिर्फ अपना ध्यान उमरा के दौरान की जाने वाली इबादत में लगा रहे हैं।



### घर से माला पहनकर निकला परिवार रास्ते से वापस लौटा

शुक्रवार को भी श्योपुर से कुछ लोग उमरा पर गए थे जिनमें हाफिज सुभान उनके पिता उनकी बीवी और दो बच्चे शामिल थे। रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें माला पहनकर श्योपुर से रवाना कर दिया। निजी वाहनों के साथ वह सवाई माधोपुर के लिए निकल गए जहां से उनके ट्रेन रिजर्वेशन था लेकिन रास्ते में ही उन्हें एयरपोर्ट से फ्लाइट बंद होने का मैसेज आ गया जिसके बाद उन्हें अपनी यात्रा रोक कर वापस लौटना पड़ा।

### हज पर मंडराए संकट के बादल

उधर ईरान अमेरिका युद्ध हो जाने से इस साल होने वाली हज यात्रा पर भी संकट गहरा गया है ज्ञात हो कि ईरान, इजरायल पर मिसाइल हमला करने के साथ-साथ अरब देशों के उन ठिकानों पर भी हमले कर चुका है जहां अमेरिका ने अपने अड्डे बनाए हुए हैं। ऐसी स्थिति में पूरे अरब देशों ने अपने देशों को नो फ्लाइट जोन में डाल दिया है। अरब के आसमान में किसी भी तरह की हवाई उड़ान प्रतिबंधित होने से यात्री विमानों के पहिए भी थम गए हैं। अगर यह युद्ध लंबा चला तो फिलहाल फ्लाइट खोले जाने की उम्मीद कम है जिसके चलते हज यात्रा 2026 पर भी संकट पड़ता दिखाई दे रहा है। श्योपुर जिले से 43 लोगों को इस बार केंद्रीय हज कमेटी ने हज पर जाने का मौका दिया है सभी के वीजा आ चुके हैं। इन 43 यात्रियों में से 30 मुंबई एयरपोर्ट से व 10 जयपुर से मक्का मदीना के लिए उड़ान भरेंगे मई महीने में होने वाली इस उड़ान ओर हज को लेकर हज कमेटी भी श्योर नहीं है। हज होगा या नहीं फिलहाल इसके ही लगाए जा रहे हैं।

### इनका कहना

मैं भी अपनी पत्नी के साथ हज पर जा रहा हूं परिवार में खासा उल्लास है रिश्तेदारों से मिलने जुलने का कार्यक्रम जारी है पर जिस तरह से युद्ध के कारण फ्लाइट बंद की गई है उससे संशय में है कि हज पर जा पाएंगे या नहीं।

**हाफिज शहजाद**
**निवासी किला बगीची बस्ती श्योपुर**

## इस बार होली पर रहेगा चंद्रग्रहण का प्रभाव

# कई स्थानों पर हुआ होलिका दहन जिले में दो दिन तक मनेगी धूलेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

होली के रंगबिरंगे त्यौहार की शुरूआत सोमवार को होलिका दहन के साथ हो गई है।सोमवार को शहर सहित जिलेभर में कई स्थानों पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया और बुराई की प्रतीक होलिका जलाई गई। लेकिन इस बार दो जिले में दो दिन तक धूलेण्डी मनाई जाएगी। इसकी वजह 3 मार्च को पड रहा चंद्रग्रहण और उसका सूतक है।

यूं तो होलिहा दहन के दूसरे दिन धूलेण्डी मनाई जाती है,लेकिन इस बार होलिहा दहन के दूसरे दिन 3 मार्च को चंद्रग्रहण पड रहा है। जिसकारण शहर समेत जिलेभर में कई स्थानों पर धुलेंडी 4 मार्च को मनाई जाएगी। जबकि कुछ स्थानों पर 3 मार्च को भी धुलेंडी मनाई जाएगी। कुल मिलाकर जिले में दो दिन तक धूलेण्डी मनाई जाएगी। इस दौरान जमकर रंग-गुलाल उड़ेगा और लोग होली की मस्ती में डूबते नजर आएंगे। होली को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन खासे अलर्ट मोड पर रहेगा।

शहर में सोमवार को दो दर्जन स्थानों पर होलिका उत्सव समितियों द्वारा होलिका दहन किया गया। जिसमें टोड़ी बाजार, गणेश गली, पंडित पाड़ा, मुख्य बाजार, सूबात कचहरी, जती चौक, जोशी मोहल्ला, नया बांस, हजारेश्वर पार्क, रामतलाई, चंबल कॉलोनी, गांधी नगर, कृषि मंडी, किला, फक्कड़ चौराहा, बायपास रोड सहित अनेक स्थानों पर विधि विधान के साथ होलिका दहन हुआ। होली की धूम ऐसी रही कि होलिका उत्सव समितियों के कार्यकर्ताओं सहित छोटे बच्चे अपने मोहल्ले की होली को सजाने मे जी जान से लगे हुए थे। होलिका दहन के पश्चात विभिन्न होलिका उत्सव समितियों के पदाधिकारी एवं छोटे बच्चो ने मिलकर होलिका की पूजा की और इन लोगों ने आपस में एक दूसरे के गुलाल लगाकर गले मिले एवं होली की बधाई दी। जिला मुख्यालय के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ौदा, कराहल, विजयपुर, वीरपुर, मानपुर, सोंईकला, ढोढर, दांतरदा, इकलौद, रघुनाथपुर, श्यामपुर आदि सहित सभी गांवों कस्बों में भी विधिवत पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया और बुराईयों की होली जलाई।



### चंद्रग्रहण आज, सुबह 6:23 बजे से शुरू होगा सूतक

सालों बाद यह पहला अवसर है,जब होली पर चंद्रग्रहण का प्रभाव होगा। पं हरिओमशरण शास्त्री ने बताया कि चंद्र ग्रहण 3 मार्च को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शुरू होकर शाम 6 बजकर 47 बजे रहेगा। लेकिन चंद्रग्रहण का सूतक सुबह 6 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगा। चंद्रग्रहण का सूतक शाम को चंद्रग्रहण के समाप्त होने के बाद हटेगा। उन्होंने बताया कि चंद्र ग्रहण के दौरान पूजा-पाठ और जप किया जा सकता है, लेकिन घर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों को ग्रहण काल में ढक कर रखना चाहिए और उन्हें स्पर्श करने से बचना चाहिए। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान, दान और मंदिर में देव दर्शन करना फलदायी माना जाता है।

# सरकारी निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की गवाही देती सड़कें


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

सरकारी निर्माण कार्य इन दिनों आम जनता को सुविधा पहुंचाने के बजाय अधिकारी और ठेकेदार के बीच राशि हड़प करने का साधन अधिक बन गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हो चुके निर्माण कार्य को देखकर इसका अनुमान लगाया जाना मुश्किल नहीं है। कई जगह सड़के निर्माण के एक साल बाद ही ऐसी हालत में पहुंच गई है जो दूरबीन लगाकर देखने से भी पता नहीं चल पा रहा है कि सड़क कहां बनी थी। इसकी बानगी बागर तिराहा (बड़ौदा) से ग्राम इंद्रपुरा के बीच बना रोड है जो पूरी तरह उखड़ गया है लेकिन गारंटी पीरियड में होने के कारण ठेकेदार ने इसका ऐसा मेंटेनेंस किया है जिससे विभाग हास्य का पात्र बन गया है।

ग्राम इंद्रपुरा को मुख्य सड़क से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बागर तिराहे बड़ौदा से यह सड़क निर्माण किया गया था लेकिन यह सड़क एक साल भी नहीं चल सकी और पूरी उखड़कर बर्बाद हो गई। चूंकि सड़क गारंटी पीरियड में थी इसलिए शिकायत करने पर ठेकेदार को सड़क का मेंटेनेंस करना पड़ा ओर ठेकेदार ने मेंटेनेंस कर भी दिया लेकिन ऐसा मेंटेनेंस किया जिससे पूरे रोड में जगह-जगह ठेगडे दिखाई पड़ रहे हैं जिन जगह यह गड्ढे भरे गए हैं वहां से गाड़ी फिसलकर दुर्घटना का अंदेशा अधिक बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि मेंटेनेंस करना था तो पूरा रोड को पर लेयर बिछाकर भी किया जा सकता था जिसके मेंटेनेंस का शर्तो के अनुसार ठेकेदार को री भुगतान भी हो जाता पर जिस तरह ठेकेदार ने मेंटेनेंस किया उससे करने से तो अच्छा नहीं करना था।



# सर्व ब्राह्मण महासभा का होली मिलन 8 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।


सर्व ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को दोपहर 01 बजे भगवान परशुराम मंदिर किला रोड़ पर आयोजित की गई जिसमें होली मिलन समारोह सहित आवश्यक एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह एवं वार्षिक साधारण सभा 08 मार्च रविवार को भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जायेगा जिसमें जिलेभर के समाजबंधु उपस्थिति प्रदान कर साधारण सभा में भगवान परशुराम जयंती संयोजक का मनोनयन किया जायेगा। इसके साथ बैठक में निर्णय लिया गया कि महासभा द्वारा मंदिर में आवश्यक निर्माण कार्य जैसे शिखर निर्माण, मंदिर के चारो तरफ बाउंड्रीवाल एवं भंडारकक्ष में फर्श एवं प्लास्टर निर्माण हेतु समिति का गठन किया जाये जिसका निर्णय रविवार को साधारण सभा की बैठक में लिया जायेगा। बैठक में होली मिलन समारोह के संयोजक के रूप में दुलीचंद समाधिया को मनोनित किया गया तो वहीं सहसंयोजक का दायित्व गिर्राज किशोर शर्मा एवं गिर्राज शर्मा को सौंपा गया है। बैठक में प्रस्ताव एवं ठहराव का वाचन महामंत्री कृष्णकांत उपाध्याय बंटी द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सतीश शर्मा खेडली, गोविंद तिवारी, वासुदेव मिश्रा, आकाश तिवारी, रामअवतार शर्मा, दुलीचंद समाधिया, अंकित शर्मा, महेश शर्मा सहित समाजबंधु मौजूद रहे।

# भव्यता के साथ मनेगी गौतम जयंती, जितेन्द्र बने संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

गौतम ब्राम्हण समाज श्योपुर की एक बैठक बीती शाम को किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में आयोजित हुई। इस बैठक में अपने आराध्य महर्षि गौतम जी की जयंती भव्यता के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथही गौतम जयंती महोत्सव का संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा को बनाया गया है। जबकि सह संयोजक नारायण शर्मा तथा पत्रकार लक्ष्मीनारायण शर्मा को नियुक्त किया गया है। गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज ने बताया कि महर्षि गौतम जी का जयंती महोत्सव 19 मार्च गुडी पडवा को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शहर में एक चल समारोह निकाला जाएगा। वहीं अन्य कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है।



# जिले का पहला ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित, कुणाल बंसल बने विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला टेबल टेनिस संघ श्योपुर की अगुवाई में पहला ओपन टेबल टेनिस नॉक आउट रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित किया। इसका फाइनल मैच तन्वी अवस्थी और कुणाल बंसल के बीच हुआ जिसमें कुणाल बंसल ने 2-1 से बाजी मारी, परन्तु तन्वी ने भी कुणाल को छकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 1-1 की बराबरी के बाद निर्णायक मुकाबले में मात्र 2 पॉइंट्स से ही मैच में शिकस्त हासिल की। ज्ञात हो कि कुणाल बंसल और तन्वी अवस्थी दोनों ही अकादमी के नियमित खिलाड़ी हैं जोकि राष्ट्रीय स्तर तक जिले का नाम रौशन कर चुके हैं। टूर्नामेंट में तृतीय स्थान भूरज सिंह चौहान ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी अरुण सिंह रहे और विशिष्ट अतिथि देवेंद्र सिंह रहे इसी के साथ यतेंद्र सिंह, विजितेंद्र सिंह, राजेश खंडेलवाल, ताराचंद सेन, डॉ संजय चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला टेबल टेनिस संघ श्योपुर के अध्यक्ष के रूप अतुल चौहान ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों सचिव डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया, ट्रेजरर हनुमान राठौर, सोनू निबोरिया एवं अन्य सभी को बेहतरीन आयोजन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दीं।

## 9 से शुरू होगी आरटीई निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

आरटीई अतंर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से 9 मार्च से शुरू होने जा रही है। जिसके तहत 13 मार्च से आवेदन किये जा सकते है। डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि निशुल्क प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलो एवं उनके उपलब्ध कक्षाओं की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन मार्च को किया जायेगा, इसके उपरांत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होगी, आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक नियत की गई है, इस अवधि में त्रुटि सुधार भी किया जा सकता है। आवेदन पश्चात 30 मार्च तक सत्यापन की प्रक्रिया शासकीय जनशिक्षा केन्द्रो के माध्यम से की जायेगी। 02 अप्रैल को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लाटरी द्वारा स्कूल का आवंटन होगा तथा एसएमएस के माध्यम से आवेदको को सूचना दी जायेगी, आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूलो में प्रवेश हेतु उपस्थिति 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दी जा सकेगी।

## 25 लाख 11 हज़ार रुपए सालाना वाले ठेके से नपा कर्मी ला रहे सिर्फ़ दो हज़ार

# नगरपालिका कर्मचारियों की लापरवाही से सिमट कर रह गई वाहन दखल वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका के स्वामित्व वाले एकीकृत बस स्टैंड में वाहनों के अस्थाई दखल वसूली नगरपालिका कर्मचारियों की अवैध कमाई का जरिया बन गई है। न नगरपालिका नए टेंडर निकाल रही है और न ही कर्मचारी अनुमानित वसूली करके ला रहे हैं। जिससे नगरपालिका को हर माह लाखों रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। पूर्व में दिए गए ठेके के अनुसार ठेकेदार प्रतिदिन औसत 6 से 7 हज़ार रुपए वसूली दे रहा था लेकिन नपा कर्मचारी 2 हज़ार या उससे भी कम वसूली लेकर आ रहे हैं।

बस स्टैंड पर वाहनों से वसूली करने वाले नगर पालिका के एक कर्मचारी ने बताया कि वह बस स्टैंड के भीतर से अस्थाई दखल के रूप में जो वसूली ला रहे हैं वह वसूली एक हजार हजार रुपए प्रतिदिन औसत आ रही है। प्रश्न यही उठ रहा है कि जब ठेकेदार के पास से अनुबंध अनुसार नपा को प्रतिदिन 6 हज़ार 879 रूपए मिल रहे थे तो फिर नगर पालिका के कर्मचारियों को हज़ार रुपए ही प्रति दिन क्यों मिल रहे हैं।





### पांच साल से ठेका नहीं होना शक पैदा करता है

बस स्टैंड का ठेका कोरोना काल में वर्ष 2021 में 83 लाख में एक साल के लिए एकीकृत बस स्टैंड में वाहन दखल वसूली का हुआ था। ठेकेदार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव आ गए थे और आचार संहिता में फंसने के कारण टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी लेकिन तब से लेकर अब तक बस स्टैंड का ठेका नहीं हुआ है और कर्मचारियों से वसूली कराई जा रही है जो बोल रकम से 10 फीसद राशि भी नहीं ला रहे हैं प्रश्न उठ रहा है कि कर्मचारियों को लगाने के बावजूद पैसा नहीं मिल रहा है तो फिर नगर पालिका कर्मचारियों से वसूली क्यों कर रही है ठेका क्यों नहीं दिया जा रहा है।

### एक अनार सो बीमार वाली कहावत हो रही चरितार्थ

एकीकृत बस स्टैंड के भीतर से अस्थाई दखल वसूली कम आने का कारण यह भी है कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नगर पालिका ने वसूली के लिए लगाई है उन्हें अन्य योजनाओं में भी ड्यूटी पर लगाया हुआ है। एक कर्मचारी को चार-चार ड्यूटी में लगाने के कारण बस स्टैंड के भीतर से वाहनों की अस्थाई वसूली प्रभावित हो रही है। एक कर्मचारी ने अपना नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि वसूली तो हम आज भी उतनी ही ले आए जितनी ठेकेदार के माध्यम से आ रही थी लेकिन हमारी ड्यूटी सिर्फ कागजों में लगाई हुई है हमें दूसरी जगह ड्यूटी के लिए भेज दिया जाता है, साथ ही निर्वाचन काम के लिए अचानक बुला लेने से भी वसूली प्रभावित हो रही है। जिसके चलते नगर पालिका को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है।

### टेंडर निकाला जाएगा

बस स्टैंड वाहन दखल वसूली के लिए कई बार ऑनलाइन टेंडर निकाले जा चुके हैं पर या तो ठेकेदार इतनी राशि नहीं दे रहे हैं जितनी उनसे अपेक्षा की जा रही है जिसके चलते वाहन दखल वसूली कर्मचारियों के माध्यम से करवाई जा रही है। अब शीघ्र ही फिर ऑनलाइन टेंडर निकालकर ठेका दिया जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## श्योपुर के विशेष न्यायालय ने पांच-पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

# अवैध नशा कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को तीन तीन साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

अवैध नशा कारोबार में लिप्त बने तीन आरोपियों को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने तीन तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए पांच पांच हजार रूपए का जुर्माना भी ठोका है। तीनों मामले देहात थाना क्षेत्र के है और इन तीनों मामलों में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की।

मामले के अनुसार देहात थाना पुलिस ने 16 सितंबर 2023 को अवैध नशा कारोबार के खिलाफ मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर ग्राम कलमी से सामरा पुत्र कालूजी मारवाडी गुर्जर निवासी कलमी को उस समय पकडा,जब वह गुमटी पर डोडाचूरा बेच रहा था। उसकी गुमटी से 2 किलो 990 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। इसके एक दिन पहले देहात थाना पुलिस ने बलवंत पुत्र सोबा सिंह निवासी फतेहपुर को डोडा चूरा बेचने के आरोप में दबिश देकर अरेस्ट किया। उसके कब्जे से एक किलो 245 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया गया। इसके बाद देहात थाना पुलिस ने 14 अक्टूबर 2023 को दबिश देकर विनोद पुत्र शंभू माली निवासी मलपुरा को भी डोडा चूरा बेचने के आरोप गिरफतार किया। तलाशी के दौरान विनोद के कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। देहात थाना पुलिस ने तीनों मामलो में विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान तीनो आरोपियों को दोषी मानते हुए तीन तीन साल के सश्रम कारावास और पांच पांच हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

### एक को किया दोष मुक्त

विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि देहात थाना पुलिस ने बलवंत निवासीर फतेहपुरा के साथ उसके पिता सोबा सिंह के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन न्यायालय ने सबूतो के अभाव में सोबा सिंह को दोष मुक्त कर दिया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी रजनी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमोला निवासी नेहा जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति उमेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी अरूण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद शर्मा ने पुरानी रंजिस पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात नवजात शिशु का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाने के अंतर्गत ओम कॉलोनी अशोकनगर में अज्ञात एक नवजात शिशु मृत अवस्था में पाया गया है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक ट्रक से टकराया

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी मुंगावली रोड पर मंडी गेट के सामने एक अज्ञात ट्रक ड्रायवर ने अचानक से ट्रक को ब्रेक लगा दिए जिससे फरियादी की बाईक ट्रक से टकरा गई। जिससे बाईक क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक चालक अपने वाहन को भगा ले गया। पुलिस ने बंसत श्रीवास्तव निवासी भोपाल की रिपोर्ट पर से अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जहरीली दवा खाने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत देवी पुत्री उमा आदिवासी उम्र 18 साल निवासी फतेहाबाद चंदेरी ने गेहूं में रखी चूहा मार दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम ओडेला निवासी तेज सिंह केवट के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ पुलिस ने ग्राम ओडेला निवासी लीलाबाई आदिवासी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की नईसरायं पुलिस ने सतीश सिंह प्रजापति निवासी नईसरायं के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने भांतपुरा निवासी जानकीबाई सांसी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पिपरई।** रविवार को जे.सी.आई ग्रुप अशोकनगर द्वारा जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 18 लोगों के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा करने का संकल्प लिया। साथ ही जे.सी.आई. ग्रुप अशोकनगर के अध्यक्ष श्याम गुप्ता द्वारा संकल्प लिया गया कि हम प्रतिवर्ष मानव सेवा हेतु रक्तदान करेंगे। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान में डॉ. संदीप जैन ब्लड सेन्टर प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

### नाबालिग बालिका को 4 घंटे में किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव द्वारा नावालिग बालिका को 04 घण्टे में दस्तयाव करने में सफलता प्राप्त की । उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को फरियादी नें अपनी बालिका उम्र 16 साल के घर से बिना बताये कही चले जाने एंव अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। उक्त रिपोर्ट पर से थाना बहादुरपुर में धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

---

स्व. जनकदुलारी धार्मिक प्रवृत्ति और संस्कारवान व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं: सीएम

# मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री ने हितानंद शर्मा की माता के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोगनगर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार को जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माता स्व. जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना कर श्री चरणों में स्थान देने की कामना की।

उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। जनकदुलारी शर्मा का निधन मंगलवार को भोपाल में हुआ था। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा धार्मिक प्रवृत्ति, सादगीपूर्ण जीवन एवं संस्कारवान व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थी। उन्होंने समाज एवं परिजनों को सामाजिक मूल्यों ,राष्ट्र भावना और सेवा संस्कारों से प्रेरित किया था। स्वर्गीय जनकदुलारी को बच्चा-बच्चा अम्मा राधे राधे कहकर पुकारते थे। अम्मा का जाना एक अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। अम्मा का जीवन धार्मिक स्थल मथुरा, वृंदावन से काफी लगाव रहा, उनका हमेशा आना-जाना लगा रहता था। उन्होंने अपने परिवार का निर्वहन पूर्ण रूप से किया था। उन्होंने कहा कि जनकदुलारी शर्मा के अस्वस्थ होने पर में ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंच कर स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना था। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जनकदुलारी शर्मा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा को दी श्रद्धांजलि

इसी प्रकार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी स्व.जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक मुंगावली बृजेन्द्र सिंह यादव ,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

---



### थाना बहादुरपुर ने सट्टा के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** रविवार को थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव द्वारा सट्टा के आरोपियो को पकडने में सफलता प्राप्त की है । उल्लेखनीय है कि थाना बहादुरपुर अंतर्गत सट्टा की सूचना पर थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव तत्तपरतापूर्वक अपनी टीम के साथ रवाना होकर ग्राम इकोदिया हार में पहुचे जहां काफी लोग इकटटे बैठे दिखे उक्त व्यक्तियों को फोर्स की मदद से पकडने की कोशिश करने पर 8-10 लोग पुलिस को देखकर भाग गये एवं सटटा पर्ची काटते हुये शिवनरायण पिता माधोदास बैरागी उम्र 58 साल निवासी इकोदिया एवं झलकन पिता अमोला अहिरवार उम्र 40 साल निवासी बरखेडा जमाल को पकडा गया उक्त दोनो की तलाशी लेने पर जेब से एक एक सटटा अंक लिखे कटटा एवं 1280 रुपये नगदी ,दो मोबाइल एवं 10 कोरे सटटा काटने के कटटा एवं एक प्रिन्टेड छपा हुआ सटटा रिकार्ड, आरोपीगणो तथा घटना स्थल से 12 नग मोटरसाइकिल जप्त की कुल मशरूका कीमती करीबन 05 लाख का जप्त किया गया है।

---

करीला मेले में बढ़ेगी मुसीबत

## शाढ़ौरा फाटक पर ऊबड़-खाबड़ रास्ता, धूल व दुर्घटना का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा विकास कई बार उनकी दुविधा बन जाता है। कभी घटिया निर्माण तो कभी निर्माण की धीमी चाल से परेशानी बढ़ती है। गुना-अशोकनगर मार्ग पर शाढ़ौरा रेलवे फाटक के साथ ही हुआ है। इसका निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा नहीं हुआ, जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। अब करीला मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह मुसीबत बनेगा।

उल्लेखनीय है कि रेलवे ब्रिज पिछले दो वर्षों से कछुआ चाल में चल रहा है। बार-बार विवादों में उलझने के कारण निर्माण की गति बेहद धीमी है, जिससे पुल के नीचे की सड़क आधे-अधूरे काम के कारण बदहाल हो चुकी है। पिलरों की खुदाई से सड़क धूल से भर गई है और ऊबड़-खाबड़ हो गई है, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगिरों को भारी परेशानी हो रही है। पुल के नीचे से गुजरते समय वाहन चालकों को दुर्घटना का सतत अंदेशा बना रहता है। दोनों ओर दो-दो मार्ग उपलब्ध होने के बावजूद दोनों रास्ते बुरी तरह खराब हैं। धूल उड़ने से दृश्यता कम हो जाती है और छोटे वाहन तथा पैदल यात्रियों को सबसे अधिक मुश्किल होती है। पुल के एक छोर से निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन अब तक आधा भी पूरा नहीं हो पाया है।

दो दिन बाद करीला धाम में रंगपंचमी मेला शुरू होने जा रहा है, जिसमें चार दिनों तक हजारों वाहनों की आवाजाही होगी। मेले के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे ऊबड़-खाबड़ रास्ते और धूल के कारण दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ जाएगी। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशान उठानी पड़ेगी। स्थानीय नगरवासियों और नियमित राहगिरों ने निर्माण कंपनी से पुल के नीचे की सड़क को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मेले से पहले कम से कम अस्थायी स्तर पर सड़क को समतल किया जाए, गड्ढों को भरा जाए और धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि मेले के दौरान बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।


---

## राहुल गांधी से मिलने की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने नीचे उतारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में एक युवक राहुल गांधी से मिलने की मांग को लेकर एक टावर पर चढ़ गया है। युवक ने टावर के नीचे एक नोट चिपकाया है, जिसमें उसने लिखा है कि यदि 34 घंटे के भीतर राहुल गांधी उससे नहीं मिले तो वह टावर से कूद जाएगा।

युवक ने नोट में बताया है कि उसके परिवार के तीन सदस्य बीमार हैं और वह गांधी परिवार से मदद के संबंध में मिलना चाहता है। यह घटना स्थानीय प्रशासन और पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गई है। टावर पर चढ़े युवक ने चिपकाए गए नोट में अपना नाम खंगाल निवासी लक्ष्मी नारायण लोधी होना बताया है। स्थानीय लोगों ने पहले उसे नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन जब वह नहीं माना तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने का लगातार प्रयास कर रही है। युवक द्वारा चिपकाए गए नोट में कई अन्य बातें भी लिखी गई हैं। उसने उल्लेख किया है कि उसके दादा स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं और उनके परिवार के गांधी परिवार से तीन पीढ़ियों से संबंध रहे हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के निधन के बाद यह संपर्क टूट गया था। लक्ष्मी नारायण लोधी ने यह भी लिखा है कि उसने कई बार राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उसे मिलने नहीं दिया गया, जिससे वह लंबे समय से परेशान है। युवक लगभग 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा हुआ है और अपने साथ एक झंडा भी ले गया था, जिसे उसने टावर के ऊपर बांध दिया है। युवक दोपहर करीब 2 बजे के समय से चढ़ा हुआ था।

### पुलिस की समझाइश के बाद टावर से उतरा युवक

पुलिस की समझाइश के बाद टावर से उतरा युवक न्यूश स्टेट से बोला आर्थिक तंगी दादा स्वतंत्रता सेनानी इंद्रा के समय मिलती थी आर्थिक सहायता। बोला लगातार राहुल गांधी से मिलने की कर रहे कोशिश लेकिन आज तक नही हुई मुलाकात। राहुल गांधी को बताया अपना बड़ा भाई बोला बो बड़े जो चाहे सो करें। अशोकनगर के चन्देरी थाना क्षेत्र वे विक्रमपुर गांव मैं टाबर पर चढ़ा था युवक। लक्ष्मीनारायण लोधी को एसआई जोगेंदर यादव के लगातार समझाने पर टाबर से उतरा। फिलहाल समझाइश के बाद युवक को घर ख़ागल भेजा।

---

जमाखेड़ी तालाब में की कार्रवाई

## जिले में अवैध मत्स्य खेट हर तालाब में हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में मत्स्य पालन विभाग के पास 65 से अधिक बड़े तालाब हैं इन तालाबों में मछली पालन का कार्य सहकारिता समूहों द्वारा किया जाता है। अधिकांश तालाब पटटे पर होने के बाद भी इन तालाबों में विभाग की गाइडलाईन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है।

कईं सहकारिता समूह में आपसी खींच तान के चलते तालाब को बाहर से पार्टीयों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया जाता है और एक मोटी धनराशि लेकर समूह के सदस्य घर पर बैठ जाते हैं और जो पार्टी बाहर से आती है वह अपनी मन मर्जी से मछलियों का खेट करते हैं। छोटी-छोटी मछलियां भी जो प्रतिबंधित रहती है उसे पानी से निकालकर सुखान तैयार कर बाजार में बेंची जाती है। वहीं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्टाफ की कमी और समय पर पुलिस नहीं मिलने से जानकारी मिलने के बाद भी उक्त अवैध मछली उत्पादन और शिकार कर्ताओं पर समय पर कार्यवाही नहीं हो पाती। रविवार को सहकारिता समूह की शिकायत उप संचालक मत्स्य विभाग को प्राप्त हुई थी, मुखबिर से जानकारी मिलने के आधार पर जब विभाग के उप संचालक बीएल डंडोतिया ने जमाखेडी तालाब पर पहुंचकर कार्यवाही की तब वह मछलियों का शिकार देखकर दंग रह गए। यहां मौके पर उनके द्वारा जाल चक्की 20 नग जप्त किए गए, 50 किलो सूखी मछलियां जप्त की हैं, 3 क्विलंट 50 किलो मछली जो आज ही तालाब में से निकाली गई थी जिसे भी जप्त किया गया है। यह मछली का कारोबार कासिम खान मछुआ सहकारिता समिति बरखेडा हेमराज द्वारा जमाखेडी तालाब पर यह कार्य किया जा रहा था। यह तालाब पटटे पर है और सह कारिता समूह को दिया गया था, तालाब में पानी कम होने पर सहकारिता समिति द्वारा तालाब में बारिक जाल डालकर मछलियों के छोटे छोटे बच्चे भी निकाले जाने की सूचना विभाग को प्राप्त हुई थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर उप संचालक द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जप्त किए गए माल की नीलामी बोली लगाई जाएगी। जिले में जिला पंचायत के तालाबों के साथ साथ जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के अलावा मनरेगा योजना के तहत जिले में कईं तालाब बनाए गए हैं। इन तालाबों में भी मछली का उत्पादन किया जाता है। इनके अलावा भी नदी,नाले जहां पर पानी का भराब अधिक होता है वहां पर भी मछली का उत्पादन किया जाता है। परन्तु विभाग के पास अमला कम होने से जिले में लाखों रूपए का राजस्व की वसूली नहीं हो पाती। जिससे अवैध रूप से मछलियों का उत्पादन और शिकार करने वाले लोग शासन के साथ साथ विभाग को लाखों रूपए का चूना लगा रहे हैं।

---

महोत्सव की तैयारियों को लेकर नरसिंह मंदिर में बैठक हुई

## श्री रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

श्री रामनवमी पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 27 मार्च को महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारी को लेकर नरसिंह मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। जिसमें कई समाजों के प्रतिनिधि, कई संस्थाओं के प्रतिनिधि, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित अनेक लोगों ने अपने विचार रखें। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष अनुसार श्री नरसिंह हिंदू संगठन द्वारा महोत्सव का आयोजन 27 मार्च को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। सर्वप्रथम भगवान का प्रकटोत्सव दोपहर 12 बजे मंदिर प्रांगण में ही होगा। इसके बाद शाम 4 बजे से नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। संगठन के सदस्यों ने सभी से आग्रह किया है कि सभी भगवान की अगवानी करे। अपने घरों के बाहर रंगोली बना कर भगवान की आरती करे।



### शोभायात्रा में यह होंगे शामिल

भगवान श्री राम की जन्मोत्सव पर मंदिर प्रांगण से निकलने वाली भव्य शोभा में धर्म ध्वज, ढोल, ताशे, काशी वाराणसी का अघोरी नृत्य, छत्तीसगढ़ से प्रसिद्ध पचरा आधारित नवदुर्गा झांकी नृत्य, कलकत्ता से महाकाली माता द्वारा महिषासुर मर्दन एवं विशाल 21 फुट के विशाल जीवंत राक्षसों से महायुद्ध, वृन्दावन की सुप्रसिद्ध महा रासलीला, दक्षिण भारत की सुप्रसिद्ध जीवंत प्रस्तुति काँतारा, हरियाणा से बाहुबली हनुमान जी, दिल्ली से भगवान श्री नरसिंह द्वारा हिरणाकश्यप वध की प्रस्तुति, पंजाब का सुप्रसिद्ध निहंग अखाड़ा, क्षेत्र के हैरतंगेज करकब करने वाले अखाड़े, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध बधाई नृत्य, नौरता नृत्य, शेर नृत्य, नाचने वाले घोड़े, दिवारी नृत्य, सैरा नृत्य आदि अनेक आकर्षक प्रस्तुतियों रहेगी।

---

## इस बार नगर पालिका की ईको फ्रेंडली होली मनाने की तैयारी

### सर्वश्रेष्ठ सजावट पर मिलेगा पुरस्कार

**अशोकनगर।** रविवार को आगामी होली के त्यौहार को पर्यावरण संरक्षण और परंपरा के संगम के रूप में मनाने के लिए नगर पालिका परिषद अशोकनगर के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शहर के विभिन्न स्थानों के होलिका दहन आयोजनकर्ताओं को आमंत्रित किया गया।



### पर्यावरण संरक्षण हेतु कंडों का होगा उपयोग

बैठक के दौरान अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों का हवाला देते हुए अपील की कि इस वर्ष होलिका दहन में लकड़ी के उपयोग से बचा जाए। उन्होंने कहा कि लकड़ी के जलने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए आयोजनकर्ता उपले (कंडे) का अधिक से अधिक उपयोग करें। यह कदम न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि हमारी धार्मिक मान्यताओं के भी अनुरूप है।

### सजावट प्रतियोगिता फोटो पहुंचेंगे मुख्यमंत्री कार्यालय

इस बार की होली में उत्साह भरने के लिए एक विशेष पहल की गई है। अध्यक्ष ने बताया कि आयोजनकर्ता अपनी-अपनी होलिका दहन स्थलों को जितना हो सके आकर्षक ढंग से सजाएं। इन सजावटों के फोटो सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय भेजे जाएंगे। प्रदेश स्तर पर चयनित होने वाली सर्वश्रेष्ठ सजावटों और आयोजन समितियों को सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### सूखी होली और जल संरक्षण का संदेश

बैठक में उपस्थित मुख्य नपा अधिकारी विनोद उन्नीतान और वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज ने भी आयोजनकर्ताओं से संवाद किया। परिषद की ओर से संदेश दिया गया कि नागरिक इस वर्ष सूखी होली (गुलाल से) खेलने को प्राथमिकता दें और पानी का अपव्यय बिल्कुल न करें। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, सीएमओ विनोद उन्नीतान, वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, सचिन चैधरी, सतीश पाराशर, डब्बू नामदेव, अजय शर्मा, गोलू सहित शहर की विभिन्न होलिका दहन समितियों के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।